# मैनुअल/हाईड्रा/लोडर से गोल प्रकाष्ठ एवं जलौनी की चट्टाबन्दी कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा सूचनाः—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश वन निगम, बिजनौर विक्रय प्रभाग के अर्न्तगत खजनावर, बेहट (सहारनपुर) राजगढ़ द्वितीय एवं जाफराबाद तथा कौड़िया (बिजनौर) मूढ़ापण्डे (मुरादाबाद) डिपुओं में वित्तीय वर्ष 2024—25 (दिनांक 01.10.2024 से 31.03.2025 तक) में प्राप्त होने वाले सभी लम्बाई एवं मध्यघेरी के गोल प्रकाष्ठ एवं जलौनी की मैनुअल/हाईड्रा/लोडर आदि से चट्टाबन्दी/स्टैकिंग कार्य हेतु दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदा पेटी/रजिस्टर्ड डाक/कोरियर डाक द्वारा निविदा कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, नजीबाबाद में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे प्रभागीय प्रबन्धक अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खेली जायेगी। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म दिनांक 27.09.2024 से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य 500/—प्रति फार्म (सभी करों सहित) नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सूचना, शर्ते एवं निविदा फार्म उ0प्र0 वन निगम की वेबसाईट www.upforestcorporation.co.in पर उक्त तिथि से उपलब्ध होगी। इच्छुक निविदादाता निविदा फार्म डाउन लोड कर उपयोग कर सकते है परन्तु निविदा फार्म के मूल्य की बैंक ड्राफ्ट प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, नजीबाबाद के पद नाम से बना नजीबाबाद स्थान पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

26/9/24
(पी0एन0राय)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
उ0प्र0 वन निगम,नजीबाबाद।

**कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक उ0प्र0 वन निगम, बिजनौर विकय प्रभाग, नजीबाबाद**

पत्रांक/1029 /नीलाम विज्ञप्ति/ दिनांक—26/09/2024

पत्रांक/1029/तददिनांकित।

**प्रतिलिपिः—** विज्ञापन व्यवस्थापक, अमर उजाला, मेरठ को इस आशय से प्रषित कि उक्त सूचना को अमर उजाला समाचार पत्र के मुरादाबाद, संस्करण में प्रकाशित कर एवं डी०ए०वी०पी० दरों की प्रमाणित प्रति सहित भुगतान हेतु बिल की दो प्रतियों में इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 महाप्रबन्धक (विपणन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।

02— क्षेत्रीय प्रबन्धक,उ0 प्र0 वन निगम, मेरठ।

03— समस्त प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक/विक्रय प्रबन्धक मेरठ क्षेत्र।

04— प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को संलग्नक सहित इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना एवं शर्तो को उ0प्र0 वन निगम की वेबसाईड पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः— यथोपरि।**

05— समस्त डिपो अधिकारी,बिजनौर विक्रय प्रभाग, उ0प्र0 वन निगम नजीबाबद को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कृपया अपने—अपने डिपो हेतु निविदा आमंत्रण का प्रचार—प्रसार करना सुनिश्चित करें एंव डिपो नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।

06— नोटिस बोर्ड प्रभागीय कार्यालय नजीबाबाद।

26/9/24
(पी0एन0राय)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
उ0प्र0 वन निगम,नजीबाबाद।

Scanned with OKEN Scanner

## मैनुअल/ हाईड्रा/लोडर से गोल प्रकाष्ठ एवं जलौनी की चट्टाबन्दी कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा की शर्ते

उत्तर प्रदेश वन निगम, बिजनौर विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत खजनावर, बेहट (सहारनपुर), राजगढ़ द्वितीय एवं जाफराबाद तथा कौड़िया (बिजनौर) मूढ़ापाण्डे ( मुरादाबाद) डिपुओ में वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक 01.10.2024 से 31.03.2024 तक ) में लौगिंग से प्राप्त होने वाले सभी लम्बाई एवं मध्यधेरी के लगभग 20000 घ0मी0 गोल प्रकाष्ठ तथा लगभग 5000 घ0मी0 जलौनी की मैनुअल/हाईड्रा/लोडर आदि से चट्टाबन्दी/स्टैकिंग कार्य हेतु दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदा पेटी तथा रजिस्टर्ड एवं कोरियर द्वारा निविदाये प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, बिजनौर विक्रय प्रभाग, दरियापुर रोड़, नजीबावाद जिला–बिजनौर के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन इसी कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म एवं निविदा शर्ते निर्धारित मूल्य सभी करो सहित रु0–500.00 नकद अथवा किसी भी राष्ट्रीयकृत या भारत सरकार द्वारा अधिसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम नजीबाबाद ( बिजनौर ) के पद नाम से बना तथा नजीबाबाद स्थान पर देय हो भुगतान करके दिनांक 27.09.2024 से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा की सूचना उ0 प्र0 वन निगम की वेवसाईट **www.upforestcorporation.co.in** पर भी उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता निविदा फार्म डाउन लोड कर प्रयोग कर सकते है परन्तु निविदा फार्म के मूल्य का बैक ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मैनुअल/ हाईड्रा/लोडर से गोल प्रकाष्ठ एवं जलौनी की चट्टाबन्दी कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा की शर्ते निम्न प्रकार होगी –

1. प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को बन्धक धनराशि के रूप में रू0 50000.00 (रूपया पच्चास हजार मात्र )का बैंक ड्राफ्ट जो प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम, बिजनौर , के पद नाम से बना तथा नजीबाबाद स्थान पर देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
2. विभिन्न डिपुओ में जंगल से प्राप्त होने वाले वाली मात्रा अनुमानित हैं। डिपो में प्राप्त सभी गोल प्रकाष्ठ एवं जलौनी की समस्त मात्रा की स्टैकिंग/चट्टाबन्दी करनी होगी।
3. निविदादाता को डिपो में प्राप्त सभी लम्बाई एवं मध्य घेरी के प्राप्त वास्तविक गोल प्रकाष्ट एवं जलौनी के मात्रा की गोलाईवार एवं लम्बाईवार प्लाट प्रभारी के निर्देशन में करनी होगी।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा न स्वीकार करने का का पूर्ण अधिकार प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, नजीवाबाद को होगा ।

Scanned with OKEN Scanner

5. निविदादाता द्वारा डिपोवार निविदा दर प्रति घनमीटर के आधार पर दी जायेगी ।
6. निविदादाता द्वारा दी गयी दर में स्टैकिंग एवं चट्टाबन्दी के समस्त व्यय सम्मिलित रहेंगे । उत्तर प्रदेश वन निगम द्वारा अलग से कोई धनराशि भुगतान नहीं की जायेगी ।
7. प्रकाष्ठ स्टैकिंग का कार्य सम्बन्धित प्लाट प्रभारी एवं डिपो अधिकारी के निर्देशन में नियमानुसार करना होगा ।
8. न्यूनतम दर को स्वीकार किया जाना आवश्यक नहीं है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्रभागीय विकय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, नजीबावाद होगा ।
9. निविदा दर दिनांक 1.10.2024 से दिनांक 31.03.2025 तक डिपो में प्राप्त हुए गोल प्रकाष्ट एवं जलौनी की स्टैकिंग/चट्टाबन्दी के लिए लागू रहेगी ।
10. मैनुअल/ हाइड्रा/लोडर मशीन में प्रयुक्त होने वाले ईधन एवं श्रमिक आदि की व्यवस्था निविदादाता द्वारा स्वयं किया जायेगा ।
11. स्टैकिंग /चट्टाबन्दी के समय किसी भी जान माल की क्षति हेतु निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा । उ0प्र0 वन निगम की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
12. लौगिंग से डिपो में प्रकाष्ठ एवं जलौनी प्राप्त होने की तिथि से 05 दिन के अन्दर स्टैकिंग/चट्टाबन्दी कार्य पूर्ण करना होगा अन्यथा कार्यादेश निरस्त करते हुये जमा बन्धक धनराशि जब्त कर बैकल्पिक व्यवस्था के तहत डिपो अधिकारी को यह अधिकार होगा की वह किसी अन्य से स्टैकिंग/चट्टाबन्दी का कार्य करा ले ।
13. स्टैकिंग कार्य पूर्ण होने एवं संतोषजनक होने के उपरान्त सम्बन्धित डिपो अधिकारी द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान डिजिटल/चेक के माध्यम से प्रभागीय विकय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, नजीबाबाद द्वारा किया जायेगा ।
14. निविदादाता से उसके बिल से नियमानुसार शासन द्वारा निर्धारित आयकर एवं अन्य कर (यथा जी0एस0टी0 आदि) जो लगाये जायेगे, उनकी भी वसूली की जायेगी ।
15. निविदादाता द्वारा अपना पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0एन0 की छाया प्रति डिपो अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा जिसे डिपो अधिकारी द्वारा भुगतान करने हेतु प्रस्तुत बिल के साथ प्रभागीय कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा ।
16. डिपो अधिकारी को यह अधिकार होगा कि डिपो में निविदादाता द्वारा समय से संतोष जनक कार्य न करने की दशा में निविदादाता को बिना कोई सूचना दिये उत्तर प्रदेश वन निगम के हित में वह अन्य किसी माध्यम से स्टैकिंग/ग्रेडिंग का कार्य करा ले ।
17. उपरोक्त शर्तो के पालन सम्बन्धी किसी भी प्रकर के विवाद उत्पन्न होने की दशा में क्षेत्रीय प्रबन्धक उ0प्र0 वन निगम, मेरठ मध्यस्थ (आर्विटेटर) होंगे, जिनका निर्णय अन्तिम व उभय पक्षो को मान्य होगा ।
18. निविदादाता द्वारा स्टैकिंग/चट्टाबन्दी कार्य के लिय प्रयोग में लाये जाने वाले किये जाने वाले हाइड्रा/लोडर/पंजा मशीन परिवहन विभाग में वाणिज्यिक प्रकार में पंजीकृत होना अनिवार्य है जिसकी प्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी अनिवार्य होगी।

Scanned with OKEN Scanner

19. निविदादाता को सेवा एवं वस्तु कर अधिनियम 2017 के अर्न्तगत जी0एस0टी0एन0 में रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।निविदा के साथ निविदादाता को जी0एस0टी0एन0 की प्रमाणित प्रति लगानी अनिवार्य होगी।

20. उपरोक्त शर्तो को शिथिल करने एवं अतिरिक्त कोई शर्त बढ़ाने का अधिकार प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक को रहेगा ।

21. राज्य विधिक परिषद (स्टेट बार कौंसिल) में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी की अनुमति नहीं है। यदि कोई अधिवक्ता ऐसी ठेकेदारी में प्रतिभाग करते है तो, उनके आवेदन सीधे निरस्त कर दिये जायेंगे। यदि ठेका /पट्टा आवंटित होने के बाद भी यह तथ्य संज्ञान में आता है, तो ऐसा ठेका/ पट्टा निरस्त कर दिया जायेगा ।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

Divisional Sales Manager
U.P. Forest Corporation
Saharanpur Sales Division
Najibabad

Divisional Accountant
U.P. Forest Corporation
Bijnor Sales Division
Najibabad

Scanned with OKEN Scanner

मैनुअल/ हाईड्रा/लोडर से प्रकाष्ठ एवं जलौनी स्टैकिंग हेतु निविदा प्रपत्र

निविदा तिथि

1. हाईड्रा/लोडर की रजिस्टेशन संख्या (रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति सलग्न की जाये
2. हाईड्रा/लोडर द्वारा प्रतिदिन स्टैकिंग कार्य की क्षमता (घमी0में)
3. निविदा दर निम्न विवरण में अंकित करें।

| क्रमांक | डिपो का नाम | निविदादाता द्वारा अंकित की जोने वाली दर रू0 प्रति धमी0 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 91 सेमी0 गोलाई एवं उससे ऊपर गोलाई के प्रकाष्ठ की दर | | 91 सेमी0 के नीचे गोलाई के प्रकाष्ठ की दर | | जलौनी प्रकाष्ठ की दर | |
| | | दर रू0 अंको में | दर रू0 शब्दो में | दर रू0 अंको में | दर रू0 शब्दो में | दर रू0 अंको में | दर रू0 शब्दो में |
| 1 | राजगढ़ द्वितीय | | | | | | |
| 2 | जाफरावाद | | | | | | |
| 3 | कौडिया | | | | | | |
| 4 | खजनावर | | | | | | |
| 5 | मुन्डा पान्डें | | | | | | |
| 6 | बेहट | | | | | | |

4. निविदादाता के बैंक खाते का विवरण :–

| खाता सख्या | बैंक का नाम | बैंक शाखा का नाम | आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

5. संलग्नक बन्धक धनराशि का विवरण–

बैंक ड्राफ्ट संख्या............................दिनांक ..................................बैंक का नाम ..........................

धनराशि रूपये....................

मैने निविदा से सम्बन्धित शर्ते पढ़ एवं समझ ली है। इन शर्तो से मै पूर्णतया सहमत हूँ ।

निविदादाता का नाम

स्थायी पता :–

पत्राचार का पता

मोबाईल नम्बरः–

आधार नम्बरः–

(निविदादाता के हस्ताक्षर)

निविदा फार्म का मूल्य सभी करो सहित रू0 500.00 मात्र होगा ।

Scanned with OKEN Scanner